# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

## अभिषद् की बैठक दिनांक 06.03.2024 का कार्यवृत्त

समयः– 03:00 बजे अपराह्न
माध्यम – ऑफलाईन।

उपस्थितिः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो० संजय कुमार चौधरी, कुलपति | – | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ० बैद्यनाथ चौधरी | – | सदस्य |
| 3. | डॉ० फैयाज अहमद | – | सदस्य |
| 4. | प्रो० अजय नाथ झा | – | सदस्य |
| 5. | प्रो० विजय कुमार यादव | – | सदस्य |
| 6. | डॉ० दिलीप कुमार चौधरी | – | सदस्य |
| 7. | प्रो० अशोक कुमार मेहता | – | सदस्य |
| 8. | डॉ० रूपकला सिन्हा, प्रधानाचार्य | – | सदस्य |
| 9. | प्रो० शाहिद हसन, विभागाध्यक्ष | – | सदस्य |
| 10. | डॉ० नौशाद आलम, विभागाध्यक्ष | – | सदस्य |
| 11. | डॉ० अमर कुमार | – | सदस्य |
| 12. | श्रीमती मीना कुमारी | – | सदस्य |
| 13. | डॉ० धनेश्वर प्रसाद सिंह | – | सदस्य |
| 14. | श्री सुजीत पासवान | – | सदस्य |
| 15. | डॉ० हरिनारायण सिंह | – | सदस्य |
| 16. | डॉ० दिलीप कुमार | – | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 17. | श्री राजन कुमार सिन्हा | – | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 18. | डॉ० अजय कुमार पंडित, कुलसचिव | – | सचिव |

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा गणापूर्ति की सूचना कुलसचिव से मांगी गई। कुलसचिव ने सूचित किया कि आज की बैठक के लिए गणपूर्ति पूरी हो चुकी है, इसलिये माननीय अध्यक्ष से अनुरोध है कि बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति दी जाय। कुलपति–सह–अध्यक्ष से अनुमति प्राप्ति उपरान्त कुलसचिव–सह–सचिव सभी आगत सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की। सर्वप्रथम डॉ० बैद्यनाथ चौधरी द्वारा विश्वविद्यालय के स्वायतता के अधिकार की दिशा में जारी गतिरोध पर चिंता व्यक्त किया गया। माननीय कुलपति महोदय की सार्थक पहल के परिणाम स्वरुप लगातार 5वीं बार विश्वविद्यालय को सी०ई०टी० बी०एड० 2024 के नोडल विश्वविद्यालय बनाए जाने के लिए सदस्यों द्वारा माननीय कुलाधिपति सह राज्यपाल महोदय के प्रति आभार ज्ञापित किया गया तथा माननीय कुलपति महोदय को धन्यवाद दिया गया। साथ ही स्नातक प्रथम वर्ष के घोषित परीक्षा परिणाम में 94 प्रतिशत छात्रों के सफल होने तथा परीक्षा परिणाम के त्रुटि में त्वरित सुधार हेतु गिरभांस रिड्रेशल पोर्टल की स्थापना किये जाने के लिए परीक्षा नियंत्रक के कार्यों की सराहना की गई। तदुपरान्त बैठक की विधिवत कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

निम्नांकित मदों पर विचार किया जायः–

**मद सं० 1.** अभिषद् की गत बैठक दिनांक 22.02.2024 के कार्यवृत्त के सम्पुष्टि पर विचार।

निर्णयः **अभिषद् की गत बैठक को सर्वसम्मति से सम्पुष्ट किया गया।**

**मद सं० 2.** अभिषद् की गत बैठक दिनांक 17.02.2024 एवं 22.02.2024 के अनुपालन–प्रतिवेदन पर विचार।



Scanned with OKEN Scanner

निर्णयः अभिषद् की गत बैठक दिनांक 17.02.2024 एवं 22.02.2024 के अनुपालन–प्रतिवेदन पर सदस्यों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

मद सं0 3. वित्त समिति की प्रस्तावित बैठक दिनांक 06.03.2024 के कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार।

निर्णयः वित्त समिति की बैठक दिनांक 06.03.2024 के कार्यवृत्त के अनुमोदन के क्रम में सदस्यों द्वारा चतुर्थ चरण के दो अंगीभूत महाविद्यालयों में एस0बी0सिन्हा आयोग द्वारा अनुशंसित शिक्षको एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के पेंशनादि लाभ तथा शिक्षकेत्तर कर्मियों के 7वें वेतन आयोग की राशि का बजट में प्रावधान कर राज्य सरकार में नियमानूकुल भेजे जाने की सहमति प्रदान करते हुए वित्तीय वर्ष 2024–25 के आय–व्ययक को अनुमोदन के साथ कार्यवृत्त को अनुमोदित किया गया। साथ ही संशोधित बजट वर्ष 2024–25 को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

मद सं0 4. अधिषद् की बैठक दिनांक 13.03.2024 के कार्यसूची एवं विधि व्यवस्था पर विचार।

निर्णयः अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कुलसचिव द्वारा अधिषद् की बैठक दिनांक 13.03.2024 से संबंधित माननीय कुलाधिपति महोदय के मिनट–टू–मिनट प्रोग्राम तथा प्रो0 अजय नाथ झा द्वारा विधि व्यवस्था से संबंधित सुरक्षा, ठहराव, भोजन एवं अन्य सभी कार्ययोजना का विस्तृत विश्लेषन कर सदन को अवगत कराया गया। साथ ही इसी क्रम में अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि बजट की सॉफ्ट कॉपी व्हाट्सप्प एवं ई–मेल के माध्यम से सदस्यों को दिनांक 9.03.2024 तक उपलब्ध करा दी जाय।

मद सं0 5. <u>अतिरिक्त मद, यदि कोई हो (अध्यक्ष की अनुमति से)।</u>

अतिरिक्त मद 1. परीक्षा परिषद् की गत बैठक दिनांक 05.03.2024 के कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार।

निर्णयः सर्वसम्मति से परीक्षा परिषद् की गत बैठक दिनांक 05.03.2024 के कार्यवृत्त को अनुमोदित किया गया।

अतिरिक्त मद 2. Media Studies & Research Department प्रारम्भ करने के संबंध में विचार।

निर्णयः **Media Studies & Research Department** विश्वविद्यालय के अन्तर्गत प्रारम्भ करने एवं प्रस्तावित पाँच पाठ्यक्रम यथा :–

1. **B.A./B.Sc. in Mass Communication – 4yrs.;**
2. **M.A./M.Sc. in Mass Communication – 2 yrs.;**
3. **Ph.D. in Mass Communication;**
4. **Dip. Course in specialized areas, viz., Photography, Film making, Animation, Gaming & Advertising etc;**
5. **Short Course for the working media professionals and others in the niche areas;**

सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को विद्वत् परिषद् से अनुशंसा के उपरान्त अग्रेत्तर कार्रवाई किये जाने पर सहमति बनी।

अतिरिक्त मद 3. अभिषद् की बैठक दिनांक 22.02.2024 का कार्यवृत मद सं0 05 ''पद–सृजन अन्तर्लीनीकरण एवं सेवा सम्पुष्टि समिति'' की बैठक दिनांक 20.02.2024 के कार्यवृत के अनुमोदन पर विचार हेतु प्रस्तुत किये गये, जिस पर हुए निर्णय के आलोक में पद–सृजन से संबंधित आँकड़ों को एकत्रित प्रारूप में समीक्षा हेतु तथा अन्य मदों पर लिए गये निर्णयों को विचारार्थ अभिषद् के समक्ष प्रस्तुत।

निर्णयः ''पद–सृजन'' से संबंधित आँकड़ों को एकत्रित प्रारूप कि समिक्षोपरान्त अनुमोदित किया गया तथा अन्तर्लीनीकरण एवं सेवा सम्पुष्टि से संबंधित निर्णयों पर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

अन्यान्य मद 1. माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से महाविद्यालय निरीक्षक विज्ञान ने सदन को सूचित कराया की दिनांक 17.02.2024 को आयोजित सबंधन एवं नई–शिक्षण कार्यक्रम समिति की बैठक में प्रस्तुत निरीक्षण प्रतिवेदन के आलोक में अंतिम निर्णय लेने हेतु कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया था जो क्रमशः विद्वत् परिषद की बैठक दिनांक 18.02.2024 और अभिषद् की बैठक दिनांक 22.02.2024 में भी अनुमोदित किया गया। समयक् विचारोपरान्त माननीय कुलपति महोदय ने राज्य सरकार द्वारा संबंधन हेतु निर्धारित माप–दण्डों को पूरा करते हुए निम्नलिखित महाविद्यालयों का अस्थायी संबंधन



Scanned with OKEN Scanner

हेतु अनुशंसा की हैः– 1. वासुदेव रामकिशोर चौधरी महाविद्यालय, जीतवारपुर मुसरीघरारी, समस्तीपुर कॉलेज में पहले से कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में अस्थायी संबंधन था जिसको कुलपति महोदय ने अस्थायी संबंधन दीर्धीकरण किया है अगले सत्र 2024–27 एवं 2025–28 के लिए। 2. लुटन झा महाविद्यालय, ननौर, मधुबनी में विज्ञान संकाय में अस्थायी संबंधन प्राप्त था उसको भी पुनः अस्थायी संबंधन दीर्धीकरण किया है दो शैक्षणिक सत्र 2024–27 एवं 2025–28 के लिए। 3. भारद्वाज महाविद्यालय सकरपुरा, हसनपुर रोड समस्तीपुर में कला एवं वाणिज्य संकाय के लिए अस्थायी संबंधन पहले से प्राप्त था उसको भी अस्थायी संबंधन दीर्धीकरण किया गया है दो शैक्षणिक सत्र 2024–27 एवं 2025–28 के लिए। 4. आर0एल0एस0आर0एम0डी0 महाविद्यालय शिवाजीनगर, समस्तीपुर में विज्ञान संकाय के लिए अस्थायी संबंधन पहले से प्राप्त था पुनः उसको अस्थायी संबंधन का दीर्धीकरण किया गया है शैक्षणिक सत्र 2024–27 एवं 2025–28 के लिए तथा अन्य दो महाविद्यालयों विवेक सिंह मेमोरियल डिग्री महाविद्यालय, विद्यानगर, खाजेडीह मधुबनी एवं आर0के0 मिश्रा कॉलेज, चन्दौना, दरभंगा दोनों कॉलेज ने क्रमशः यहाँ अस्थायी संबंधन के लिए आवेदन किया था लेकिन उसको अभी स्थगित रखा गया है और माननीय कुलपति महोदय का यह निर्देश है कि सरकार का जो माप–दण्ड है उसकी समय–समय पर विश्वविद्यालय समीक्षा करेगी यदि उस माप–दण्ड में जो महाविद्यालय खड़ा नहीं होगा तो उसका संबंधन समाप्त कर उसे पुनः प्रारम्भ से आवेदन करना होगा।

निर्णयः **माननीय सदस्यों द्वारा सुचना ग्रहण की गई।**

अन्यान्य मद 2. डॉ0 बैद्यनाथ चौधरी ने प्रस्ताव किया कि विश्वविद्यालय में विगत छः वर्षों से लंबित दीक्षांत समारोह आयोजित करने पर विचार ।

निर्णयः **माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सदस्यों को आगामी दीक्षांत समारोह का आयोजन ऑन–लाईन/ऑफ–लाईन मोड में करने हेतु सदन को अवगत कराया। इस हेतु सर्वसम्मति से सदस्यों द्वारा माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।**

अन्यान्य मद 3. डॉ0 बैद्यनाथ चौधरी एवं डॉ0 दिलीप कुमार चौधरी ने संयुक्त प्रस्ताव किया कि श्री कृष्ण भगवान चौधरी, से0नि0 स्टेनो, एम0एल0एस0एम0 कॉलेज, दरभंगा को दिनांक 20.10.2017 से निलंबन एवं 30.04.2020 को सेवानिवृति उपरान्त निलम्बन मुक्ति एवं सेवान्त लाभ भुगतान पर विचार।

निर्णयः **निलम्बन की जाँचोपरान्त प्रतिवेदन को सदस्यों के समक्ष उपस्थापित किया जाय। साथ ही जाँच प्रतिवेदन के आलोक में नियमानुसार अग्रेत्तर कार्रवाई किये जाने का निर्णय लिया गया।**

अन्यान्य मद 4. C.E.T. B.Ed. 2024 के आयोजन से संबंधित पदाधिकारी एवं विभिन्न समितियों के अनुमोदन पर विचार।

निर्णयः **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से प्रो0 अशोक कुमार मेहता द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि 5वीं बार मिथिला विश्वविद्यालय को राज्य स्तरीय C.E.T. B.Ed. की प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित करने का अवसर मिला है। माननीय कुलपति ने इस बर राज्य नोडल पदाधिकारी का दायित्व मेरे ही कँधो पर सौंपा है इसके लिए माननीय कुलपति के प्रति आभार। अब आज तक के प्रगति के अनुसार 2022–23 में पूर्व कुलपति ने इस कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिये एक सलाहकार समिति, एक कोर कमिटि और राज्य नोडल पदाधिकारी को सहयोग करने के लिए कोर्डिनेटर की नियुक्ति की थी। इस बार भी ऐसी ही व्यवस्था माननीय कुलपति महोदय के आदेश से किया गया है जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।**

अन्यान्य मद 5. विश्वविद्यालय के सभी स्नातकोत्तर विभागों एवं सभी महाविद्यालयों का नाम मिथिलाक्षर में भी लिखे जाने तथा ड्रेस कोड अनिवार्य रूप से लागू किये जाने पर विचार।

निर्णयः **सर्वसम्मति से प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।**

अन्यान्य मद 6. विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर गणित विभाग में दो वर्षीय डेटा सांईस में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कोर्स संचालन किये जाने पर विचार ।



Scanned with OKEN Scanner

निर्णयः सर्वसम्मति से, स्नातकोत्तर गणित विभाग में दो वर्षीय डेटा साईंस में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कोर्स संचालन करने के प्रस्ताव को विद्वत् परिषद् से अनुशंसा के उपरान्त अग्रेत्तर कार्रवाई किये जाने पर सहमति बनी।

अन्यान्य मद 7. श्री सुजीत पासवान एवं डॉ० दिलीप कुमार चौधरी ने प्रस्ताव किया कि छात्रों की पेंडिंग परीक्षा परिणाम की समस्याओं के समाधान पर विचार।

निर्णयः विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि परीक्षा प्रवेश पत्र में वीक्षक द्वारा हस्ताक्षरित उपस्थिति को मेमों के स्थान को उपयुक्त उपस्थिति मानकर रिजल्ट में सुधार किया जाय।

अन्यान्य मद 8. डॉ० अमर कुमार ने प्रस्ताव किया कि विश्वविद्यालय के परीक्षा कार्य में संलग्न महाविद्यालयों के केन्द्राधीक्षकों के पूर्व की अग्रिम लंबित रहने की स्थिति पर विचार।

निर्णयः निर्णय लिया गया कि सी०एम०साईन्स कॉलेज, दरभंगा के सी०एस० एवं अन्य के बकाये का त्वरित निष्पादन करते हुए व्यवसायिक परीक्षा लिए जाने वाले संस्थानों के अनुरूप प्रति छात्र शुल्क निर्धारित कर अग्रिम दिए जाने की व्यवस्था हेतु एक समिति का गठन किया जाय जिसमें निम्न सदस्य होंगेः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. परीक्षा नियंत्रक | – | संयोजक |
| 2. डॉ० दिलीप कुमार चौधरी | – | सदस्य |
| 3. वित्तीय परामर्शी | – | सदस्य |
| 4. डॉ० हरिनारायण सिंह | – | सदस्य |
| 5. अध्यक्ष, छात्र कल्याण | – | सदस्य |
| 6. डॉ० अमर कुमार | – | सदस्य |

जॉच समिति अपना जो प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी उसी के आलोक में अग्रेतर कार्रवाई की जाऐगी।

अन्यान्य मद 9. डॉ० हरिनारायण सिंह ने प्रस्ताव किया कि अधिषद् की बैठक आयोजन में होनेवाली व्यय के अनुमोदन पर विचार।

निर्णयः सर्वसम्मति से अधिषद् के प्रस्तावित व्यय बजट को अनुमोदित किया गया।

अन्यान्य मद 10. डॉ० दिलीप कुमार चौधरी ने प्रस्ताव किया कि कॉलेजों में आवंटित विभिन्न कोटि के कोटे एवं खेल कोटे से नामांकन किये जाने पर विचार।

निर्णयः सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी महाविद्यालयों में आवंटित कोटे कि स्थिति को जाँच कर उतनी जगह रख कर ऑन–लाईन नामांकन की प्रक्रिया की जाएगी पुनः सूची अभिषद् के अनुमोदनोपरान्त कोटि के रिक्त स्थानों पर नामांकन ली जाऐगी। इस हेतु एक जाँच समिति गठन करने का निर्णय लिया गया जिसमें निम्न सदस्य नामित किये गये :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. अध्यक्ष, छात्र कल्याण | – | संयोजक |
| 2. महाविद्यालय निरीक्षक, विज्ञान | – | सदस्य |
| 3. महाविद्यालय निरीक्षक, कला एवं वाणिज्य | – | सदस्य |
| 4. डॉ० दिलीप कुमार चौधरी | – | सदस्य |
| 5. डॉ० रूपकला सिन्हा, प्रभारी प्रधानाचार्य | – | सदस्य |
| 6. कुलानुशासक | – | सदस्य |

अन्यान्य मद 11. डॉ० दिलीप कुमार चौधरी ने विश्वविद्यालय के भवन आवटंन समिति के पुर्नगठन पर विचार का प्रस्ताव रखा।

निर्णयः सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नियमानुकूल प्रक्रिया के अन्तर्गत कर्मचारियों को भवन आवंटन करने हेतु एक समिति का गठन किया गया है। इसमें निम्न सदस्य नामित किए गए हैः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. कुलानुशासक | – | संयोजक |
| 2. विभागाध्यक्ष, स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग | – | सदस्य |
| 3. विभागाध्यक्ष, स्नातकोत्तर समाजशास्त्र विभाग | – | सदस्य |
| 4. एल०एन० मुस्टा के प्रतिनिधि | – | सदस्य |



Scanned with OKEN Scanner

5. कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि — सदस्य

अन्यान्य मद 12. डॉ0 दिलीप कुमार चौधरी ने छात्रावास आवटंन समिति के पुर्नगठन पर विचार का प्रस्ताव रखा।

निर्णयः सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि छात्रावास में अवैध रूप से आश्रित छात्रों को चिन्हींत कर खाली कराने एवं छात्रावास आवंटन समिति के पूर्नगठन के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया तथा इसमें निम्न सदस्य नामित किए गए हैः—

1. अध्यक्ष, छात्र कल्याण — संयोजक
2. कुलानुशासक — संयोजक
3. डॉ0 दिलीप कुमार चौधरी — संयोजक
4. विभागाध्यक्ष, स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग — सदस्य
5. विभागाध्यक्ष, स्नातकोत्तर समाजशास्त्र विभाग — सदस्य

माननीय अध्यक्ष की अनुमति से कुलसचिव—सह—सचिव द्वारा माननीय सदस्यों को उनकी सहभागिता, चर्चा—परिचर्चा एवं सुझाव के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया गया। अध्यक्ष की अनुमति से बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

ह0/—
(प्रो0 संजय कुमार चौधरी)
कुलपति—सह—अध्यक्ष

ह0/—
(डॉ0 अजय कुमार पंडित)
कुलसचिव—सह—सचिव

ज्ञापांकः— UB-747/24

दिनांकः— 06-03-2024.

प्रतिलिपि प्रेषितः—

1. अभिषद् के सभी माननीय सदस्य, ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
2. सचिव, उच्च शिक्षा, बिहार, पटना;
3. निदेशक, उच्च शिक्षा, बिहार, पटना;
4. उप—सचिव, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना;
5. सभी पदाधिकारी, ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
6. नोडल पदाधिकारी (विश्वविद्यालय वेबसाईट), ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
7. कुलपति के सचिव/प्रति—कुलपति/वित्तीय परामर्शी/कुलसचिव के निजी सहायक, ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;

को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।

06/03/2024

कुलसचिव



Scanned with OKEN Scanner